कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक
उत्तर प्रदेश वन निगम
आवास विकास कालोनी, लखीमपुर खीरी (उ0प्र0) 262701

पत्रांक 1932 / /दि0 16/03/26

सार्वजनिक नीलाम सूचना

सर्वसाधारण एवं उ0 प्र0 वन निगम के समस्त पंजीकृत क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से खीरी विक्रय प्रभाग के विभिन्न डिपुओं में भण्डारित प्रकाष्ठ का सार्वजनिक नीलाम दि0 19.03.2026 के स्थान पर दिनांक 23.03.2026 को उत्तर प्रदेश वन निगम, प्रकाष्ठ डिपो छाउछ पर सम्पन्न किया जाएगा। उक्त नीलाम के पश्चात राजकीय पॉलीटेक्निक लखीमपुर खीरी में टाटा टेक्नॉलाजी के भवन निर्माण में बाधक 33 खड़े वृक्षों, मीरानपुर कटरा रेलवे स्टेशन यार्ड से एक नई लाइन बिछाये जाने वाले रेलमार्ग के निर्माण में बाधक 09 खड़े वृक्ष एवं शाहजहॉपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थित 01 पाकड़ खडें वृक्ष की लाटों का नीलाम सम्पन्न किया जाएगा। साथ ही विभिन्न वन प्रभागों से प्राप्त सी–1/सी–17 की लाटों का नीलाम भी उपलब्धता के आधार पर सम्पन्न किया जाएगा।

डिपुओं में भण्डारित प्रकाष्ठ की विक्रय सूची वन निगम की वेवसाइट **www.upforestcorporation.co.in** पर तथा खड़े वृक्षों की विक्रय सूची सम्बन्धित डिपो से प्राप्त की जा सकती है। शेष समय, नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

(एस0के0 वर्मा)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
लखीमपुर खीरी

पत्रांक 1932/ तद्दिनांक
प्रतिलिपिः सम्पादक – अमर उजाला– बरेली संस्करण को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञापन को दि0 17.03.2026 के संस्करण में वन निगम के उपरोक्त Logo के साथ न्यूनतम साइज के अन्तर्गत डी0ए0वी0पी0 दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें, व भुगतान हेतु इस कार्यालय के आदेश की छाया प्रति व बीजक जिस पर वन निगम का जी0एस0टी0 नं0 09AAATU3944K1Z1 दर्ज कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि भुगतान की कार्यवाही की जा सके।

(एस0के0 वर्मा)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
लखीमपुर खीरी

पत्रांक 1932 / तद्दिनांक
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– महाप्रबन्धक (विपणन) उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त नीलाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु वन निगम वेबसाइट पर बुलेटिन प्रकाशित करवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।
2– क्षेत्रीय प्रबन्धक उ0 प्र0 वन निगम लखीमपुर खीरी।
3– समस्त प्रभागीय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम।
4– प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ।
5– समस्त डिपो अधिकारी, खीरी विक्रय प्रभाग को विशेष प्रचार प्रसार हेतु।
6– नोटिस बोर्ड– प्रभागीय कार्यालय।

(एस0के0 वर्मा)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
लखीमपुर खीरी